## सी0आर0एम0 विजिट पूर्व की भ्रमण आख्या टीम नं0– 03

**भ्रमण अवधि– दिनांक 21.10.2024 से 25.10.2024**

**राज्य स्तरीय टीम**

1. डा0 अताउर रब, उपमहाप्रबन्धक कम्युनिटी प्रासेस।
2. श्री प्रभाकर तिवारी, कन्सलटेण्ट मातृ स्वास्थ्य।
3. श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक, परिवार नियोजन।

**भ्रमण की गयी चिकित्सा इकाईयॉ–**

1. **जनपद मुख्यालय–** मेडिकल कालेज।
2. **ब्लाक खड्डा–** सी0एच0सी0, प्रा0स्वा0के0, आयुष्मान आरोग्य मंदिर चतुर छपरा व करडह।
3. **ब्लाक रामकोला** – सी0एच0सी0।
4. **ब्लाक बिसुनपुरा–** सी0एच0सी0, नवीन प्रा0स्वा0के0 एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर बलकुड़िया, आयुष्मान आरोग्य मंदिर दांदोपुर।
5. **ब्लाक निबुआ नौरंगिया–** सी0एच0सी0, प्रा0स्वा0के0 भूमिहारी पट्टी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर चखनीपुरन छपरा व कुर्मीपट्टी।
6. **शहरी स्वास्थ्य केन्द्र–** गायत्री नगर एवं कसया।

## भ्रमण के मुख्य बिन्दु व किये गये सहयोत्मक कार्य

जनपद में भ्रमण की गई चिकित्सा इकाईयों के अवलोकन बिन्दु व सुधारात्मक कार्य निम्न हैं–

### चिकित्सा इकाई परिसर


- भ्रमण किये गये सभी चिकित्सा इकाईयों के बोर्ड, साइनेज (आम केन्द्रों को छोडकर) अनुपलब्ध व खराब स्थिति में पाये गये। इकाईयों के कक्षों के बाहर दी जाने वाली सुविधाओं को इगिंत नही किया गया है। सिटीजन चार्टर एवं ऐरो मार्क इंगित कराये जाने का सुझाव दिया गया। सभी इकाईयों पर पार्किग की सुनियोजित व्यवस्था नही है साथ ही सी0एच0सी0 रामकोला के कैम्पस में ठेले आदि अनाधिकृत पाये गये। चिकित्सा इकाईयों की खिडकियों के शीशे दरवाजे टुटे है एवं जालिया भी नही लगी हुई है।



### साफ–सफाई व्यवस्था

- भ्रमण किये गये सभी चिकित्सा इकाईयों के परिसर मे साफ–सफाई व्यवस्था असंतोषजनक पायी गई। सी0एच0सी0 रामकोला, खड्डा व निबुआ में काफी गंदगी, कूड़े आदि का ढेर व कक्षों में ईधर उधर फेंकी गई अनुपयोगी सामग्रियॉ पायी गयीं। पी0एच0सी0 खड्डा का लेबर रुम व पी0एन0सी0 वार्ड काफी गंदा था। अन्य सहयोगी विभाग जैसे– विकास खण्ड, नगर पालिका व टाउन एरिया आदि से सफाई कार्य में सहयोग लेते हुए मानकानुसार सफाई कराया जाना अपेक्षित है। सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारी को चिकित्सा इकाई के सम्पूर्ण साफ–सफाई 07 दिवस के भीतर किये जाने के लिये कहा गया है। साथ कक्षों व वार्ड आदि में बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट का उपयोग करते हुए इंफेक्शन प्रीवेन्शन के प्रोटोकाल फॉलो किये जाने की आवश्यकता है। पी0एच0सी0 खड्डा के पैथोलाजिस्ट द्वारा उपयोग की गई नीडिल/सीरिन्ज एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थ के विसंक्रमण हेतु इन्फेक्शन प्रीवेन्शन के प्रोटोकाल फॉलो नही किये जा रहे है।

- मेडिकल कालेज में लेबर रूम के बाहर शू रैक, एवं चप्पले उपलब्ध है, किन्तु ड्यूटी स्टाफ द्वारा अपने जूते चप्पलों का ही उपयोग किया जा रहा है। नवीन केश शीट उपलब्ध नहीं था। पार्टोग्राफ नहीं भरें जा रहे हैं। लेबर टेबल, फुट रेस्ट, बेडों में जंग लगे हुए एवं गद्दे फटे हुए है।



## आई0ई0सी

- चिकित्सा इकाईयों पर अपडेटेड व पर्याप्त आई0ई0सी सामग्री प्रदिशत नहीं है। जो गतिविधियॉ सम्पादित हो चुकी हैं, उनकी भी आई0ई0सी0 बेतरीब तरीके से प्रदर्शित की गई थी। विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 जनपद स्तर से प्राप्त कर यथास्थान डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया।

## पंजीकरण एवं ओ0पी0डी0

- चिकित्सा इकाईयों पर रोगी पंजीकरण काउन्टर पर कुछ ही जगह गर्भवती महिलाओं हेतु निशुल्क पंजीकरण का संदेश इंगित है, किन्तु रिकार्ड कहीं भी उपलब्ध नहीं है। पंजीकरण हेतु उचित स्थान का चयन भी नहीं किया गया है जिससे आवागमन बाधित होता है। मेडिकल कालेज को छोड़कर किसी भी चिकित्सा इकाई पर महिला, पुरुष एवं दिव्यांगजन तथा वरिष्ठ नागरिकों हेतु अलग–अलग लाईन की व्यवस्था नहीं की गई है।
- कमरों के बाहर फूट मैट नही रखा हुआ है। तथा ओ0पीडी0 चिकित्सको के पास प्रिण्टेड ई0डी0एल0 नही लगी हुई थी। मेडिकल कालेज को छोड़कर किसी भी चिकित्सा इकाई पर हेल्प डेस्क बोर्ड नही था।
- सी0एच0सी0 खड्डा में एन0आर0सी0 में बच्चे नहीं थे।



## ई०डी०एल०

- भ्रमण किये गये सभी चिकित्सा इकाईयों पर संशोधित ई०डी०एल० डिस्प्ले नहीं हैं। जो पुराने ई०डी०एल० डिस्प्ले हैं उन्हें नियमित रुप से अद्यतन नही किया जा रहा है। प्रत्येक स्वास्थ्य इकाई पर नई ई०डी०एल० लिस्ट डिस्पले किये जाने के साथ नियमित रूप से अपडेट करने का सुझाव दिया गया।




## स्टोर रुम

- भ्रमण किये गये सभी चिकित्सा इकाईयों के स्टोर रुम देखे गये। स्टोर रुम में सामग्रियों बेतरतीब तरीके से रखी हुई थीं। लेबलिंग भी काफी पुरानी हो चुकी थी। सामग्रियॉ ईधर उधर बिखरी पड़ी थीं। फर्स्ट एक्सापायरी, फर्स्ट आउट के प्रोटोकाल भी फॉलो नहीं किये जा रहे हैं। प्रत्येक स्टोर रुम को खोलकर देखने व सामर्गियॉ को मानकानुसार रखने का सुझाव दिया गया।




## उपकरण एवं आवश्यक सामग्रियॉ

- सी०एच०सी० रामकोला, खड्डा व निबुआ नौरंगिया तथा पी०एच०सी० खड्डा के लैब एवं लेबर रूम में आवश्यक दवायें, उपकरणों आदि की कियाशीलता नही पायी गयी या खराब पाये गये। पी०एच०सी० खड्डा में लेबर रूम व वार्ड में अपशिष्ट पदार्थ के विसंक्रमण हेतु इन्फेक्शन प्रीवेन्शन के प्रोटोकाल फॉलो नही किये जा रहे है। सभी भर्ती मरीजों के बेड पर साफ सुथरे गद्दे व चादरें बिछाये जाने का सुझाव दिया गया। प्रसव कक्ष में डिजिटल वॉच, आटोक्लेव मशीन, वजन मशीन तथा बी०पी० मापक यंत्र खराब थे तथा लेबर रूम भी खराब स्थिति में पाये गये। चिकित्सा इकाईयों हेतु समस्त आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है। किसी भी भ्रमण इकाईयों पर लेबर रूम के बाहर शू रैक, एवं चप्पले उपलब्ध नही है और ड्यूटी स्टाफ द्वारा अपने जूते चप्पलों का ही उपयोग किया जा रहा है।

## प्रसूताओं का दिया जाने वाला निःशुल्क भोजन एवं 48 घण्टे का स्टे


- जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत निशुल्क भोजन का वितरण मानकानुसार नही किया जा रहा है। भ्रमण की गई चिकित्सा इकाईयों पर किचन भी मानकानुसार नहीं थे। मेडिकल कालेज में पालीथिन के पैक में भोजन परोसे जा रहे थे। ब्लाक स्तर की चिकित्सा इकाईयों पर जे0एस0वाई0 डायट की नियमित व्यवस्था नहीं है। प्रसूताओं का प्रसवोपरान्त 48 घण्टे का स्टे नहीं है।
- लाभार्थी, सेवाप्रदाता एवं आशाओं के विभिन्न मदों के भौतिक एवं वित्तीय रिकार्ड का मिलान कराया गया तथा पेण्डिंग भुगतान शीघ्र कराने सम्बन्धी सुझाव दिये गये। भौतिक प्रगति के सापेक्ष वित्तीय प्रगति में असमानता पायी गयी।



## परिवार नियोजन कक्ष अथवा कार्नर

- परिवार नियोजन कक्ष अथवा कार्नर सभी चिकित्सा इकाईयों पर स्थापित किया जाना है। साथ ही सम्बन्धी शासनादेश, विभिन्न प्रपत्रों की कापी व परिवार नियोजन के स्टैण्डर्ड मैनुअल्स, डैप बुकलेट, आदि रखवाये जाने के साथ सम्बन्धित स्टाफ का क्षमतावर्द्धन भी किया जाना अपेक्षित है। प्रशिक्षित सेवाप्रदाताओं द्वारा पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इनसर्शन की प्रदान की जा रही सेवायें संतोषजनक नही हैं। फालोअप भी कम हो रहा है। कण्डोम बाक्स स्टोर में रखे पाये गये और जहां पर उपलब्ध है वहां भरे नही गये थे।




## आयुष्मान आरोग्य मंदिर

- विकास खण्ड खड्डाक के सी0एच0ओ0–चतुरछपरा को कार्यकमों की जानकारी नही है तथा रिकार्ड अद्यतन नही पाये गये। जन आरोग्य समिति की बैठक का रिकार्ड खाली पाया गया। एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग में सभी कालॅम खाली थे। जबकि परिणाम वाला कालम भरा हुआ था।
- चतुरछपरा व करदह में नवनिर्मित भवन और पुराने भवन का ब्राडिंग मानकानुसार नहीं था।
- विकास खण्ड विशुनपुरा के सी0एच0ओ0–दान्दोपुर को कार्यकमों की जानकारी नही है तथा रिकार्ड अगस्त–24 के बाद अद्यतन नही पाये गये। पर्याप्त आई0ई0सी0 डिस्प्ले नहीं था।

- विकास खण्ड निबुआ नौरंगियॉ के चखनीपुरम छपरा में किराये के भवन में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 03 कक्ष तो थे परन्तु 01 ही में ओ0पी0डी0 किया जा रहा था। रोगी जॉच हेतु कोई व्यवस्था नहीं था। शेष 02 कमरों में ए0एन0एम0 तथा सी0एच0ओ0 का निवास था। कुर्मीपट्टी में उपकेन्द्र का पुराना भवन नहीं था तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिर्फ 01 कक्ष में संचालित हो रहा था।
- भ्रमण किये गये समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सी0एच0ओ0 का ओ0पी0डी0 बहुत कम पाया गया।



29.10.2024

Akhilesh Kumar Srivastava
Program Coordinator-FP
SPMU, NHM, U.P.

29/10/24

Md. Alsur Rab
Dy. General Manager
Community Process